हर्षोल्लास से मनाई गई गुरुनानक जयंती

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव में पूज्य सिंधी पंचायत एवं सिंधी नव युवक मंडल व सिंधी महिला मंडल गोटेगांव के तत्वाधान में श्री गुरुनानक जयंती पर्व बड़े हर्षोल्लास मय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया । कार्तिक मास के उपलक्ष्य में प्रति दिन प्रात: संकीर्तन प्रभात फेरी ढोल धमाके के साथ नगर के प्रमुख मार्गो से निकली गई ।

कार्यक्रम की इसी श्रृंखला में श्री गुरु पूरब पर्व दिवस पूज्य सिंधी श्री झूलेलाल मंदिर श्री गुरुद्वारा साहब में अखंड पाठ साहेब कर श्रीभोग अर्पित किया गया ।

एवं भजनों की अनुपम प्रस्तुति प्रदान कर श्री गुरुनानक देव जी की महिमा का गुणगान किया गया इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत द्वारा अरदास पल्लव प्राथना कर एक दूसरे को श्री गुरुनानक जयंती की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए देश में खुशहाली और उज्ज्वल भविष्य की कमाना की गई ।

तदोपरांत स्थानीय श्री शीतल दास सिंधी धर्मशाला में लंगर का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधुओं ने महाप्रसाद ग्रहण कर आश्रीवाद प्राप्त किया कार्यक्रम में प्रमुख रूप से दादा खेमचंद दासवानी श्यामुमल माधवानी गागन दास माधवानी कन्हैया लाल बालानी गुरनामल माधवानी ईश्वर धामेचा कैलाश दरयानी डेटामल दासवानी हिस्मतराय धामेचा घनश्याम दास चंचलानी इन्द्रदास दासवानी राजू मुलानी खुशाल सुखवानी लखमीचंद बबलू चंचलानी माधवानी राजू माधवानी मुरली धर माधवानी गन्नू माधवानी मनोज कृपलानी शेरू कृपलानी योगेश कृपलानी आशीष माधवानी विनोद माधवानी एडवोकेट तीरथ दास माधवानी गोपाल माधवानी बबलू माधवानी दीपक कृपलानी अंकित धामेचा सुमित माधवानी चिराग मुलानी शेंकी माधवानी सहित महिला मंडल की श्री मति कविता माधवानी विनीता सुखवानी कंचन दासवानी वीणा कृपलानी हर्षा कृपलानी नेहा माधवानी भावना माधवानी सहित बड़ी संख्या में स्वजातीय बंधु उपस्थित थे।

निकाली प्रभात फेरी, हुआ शबद कीर्तन और बंटा लंगर

जुन्नारदेव, देशबन्धु । सिख पंथ के संस्थापक सरदार श्री गुरुनानकजी देव का 555 वा जन्म महोत्सव हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर नगर की श्री गुरुसिंग सभा (गुरुद्वारा) में प्रात:काल को पाठ की समाप्ति की गई, तत्पश्चात शबद कीर्तन व अरदास हुई। इसके पश्चात गुरु का प्रसाद लंगर का आयोजन गुरुद्वारा में किया गया। इस अवसर पर नगर के सिख, पंजाबी व सिंधी समुदाय सहित सनातन धर्म के वरिष्ठ व युवजन बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

श्री गुरु नानक जी के जन्मोत्सव के इस अवसर पर श्री गुरु सिंग सभा (गुरुद्वारा) के द्वारा शहर में तीन दिवसीय आयोजन किया गया था। इसमें लगातार तीन दिनों तक प्रात: 5ञ्30 ब? से शहर में प्रभात फेरी का आयोजन किया गया, जिसमें भगवान श्री गुरु नानक देव जी का नगर दर्शन कराया गया। जगह-जगह श्री गुरु नानक देव जी का पूजन अर्चन कर पुण्य लाभ अर्जित किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में प्रभात फेरी में युवाजनों का उत्साह देखा गया। साथ ही सनातन धर्म के वरिष्ठजन एवं महिलाये इस प्रभात फेरी में बड़ी संख्या में शामिल रहे थे।

जनजातीय गौरव दिवस पर बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण

सौसर, देशबन्धु । भगवान बिरसा मुंडा जी की 150वीं जयंती एवं जनजातीय गौरव दिवस पर शुक्रवार को सौसर विधानसभा क्षेत्र के अंर्तगत जनपद पंचायत सौसर के ग्राम गोंडीवाडोना में भगवान बिरसा मुंडाजी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

जनजातीय गौरव दिवस के पावन पर्व के शुभ अवसर पर भगवान बिरसा मुंडा की प्रतिमा का अनावरण किया। बिरसा मुंडा एक युवा स्वतंत्रता सेनानी और आदिवासी समुदाय के क्रांतिकारी यौध्या थे। इनका जन्म 15 नवंबर 1875 को झारखंड, मे मृत्यु रांची के सेन्ट्रल जेल मे 9 जून 1900को हुआ। बिरसा मुंडा ने उलगुलान या द ग्रेट ट्युमुल्ट नामक आंदोलन शुरू किया।

मातृभूमि की आजादी और जनजातीय समुदाय के अधिकारों की रक्षा व सशक्तीकरण के लिए समर्पित भगवान बिरसा मुंडा जी का जीवन हम सभी के लिए वंदनीय है। हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत भी है।इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य संदीप भाऊ मोहोड , जनपद पंचायत सौसर अध्यक्ष संजय भुते , नामदेव पांडे , आनंद दुफारे, हरी धुर्वे, प्रमोद वानखेडे, ग्रामवासी मोजूद थे।

सार-समाचार

सी एम राइस विद्यालय में बाल मेला कार्यक्रम आयोजित

छपारा, देशबन्धु । 14 नवंबर को 11-30 बजे से सी एम राइस विद्यालय छपारा में नगर परिषद की अध्यक्ष निशा सुरेश पटेल मुख्य अतिथि जनपद पंचायत छपारा के अध्यक्ष सदम सिंह बरकड़े नगर परिषद के उपाध्यक्ष शिवाकांत सिंह विशेष अतिथि में बाल मेला विज्ञान प्रदर्शनी के कार्यक्रम में फीता काटकर शुभारंभ किया गया । इस कार्यक्रम में प्राचार्य एवं समस्त विद्यालय परिवार एवं नगर परिषद के सभापति धर्मेंद्र जैन, पार्षद रामेश्वर बंजारा उपस्थित रहे । विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले में विद्यालय के छात्राओं ने अनेक तरह के व्यजंनो का स्टाल लगाया और विज्ञान प्रदर्शनी में झांकियों का प्रदर्शन किया ।

छपारा में शक्ति केंद्र की बैठक

छपारा, देशबन्धु। 14 नवंबर को छपारा शक्ति केंद्र क्रमांक 1 2 3 की बैठक 4.30 बजे से भाजपा मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव के निज निवास में रखी गई है। 6 बजे सुआखेड़ा शक्ति केंद्र की बैठक रणधीर नगर में रखी गई है। शक्ति केंद्र के पंच पंचेश्वर और बूथ के त्रिदेव, सक्रिय सदस्य सभी ज्येष्ठ श्रेष्ठ कार्यकर्ता बंधु की उपस्थिति रही जिसमें मंडल अध्यक्ष पंकज जोलदेव, पंडित राघवेंद्र नारायण पाठक, युवा मोर्चा के अध्यक्ष अंकित तंतुबाय, अनस खान, नवनीत सिंह, सिसोदिया स्वर्णिम साहू, रफीक खान, सार्थक अग्रवाल, संयम जैन आदि पदाधिकारी उपस्थित हुए

छात्रों का नैनपुर स्टेशन पर स्वागत

नैनपुर, देशबन्धु। एकल विद्यालय छिदवाड़ा के छात्रों का नैनपुर स्टेशन में स्वागत हुआ। नैनपुर चैप्टर के जनपरिषद के अध्यक्ष कन्हैया लाल झरिया, वरिष्ठ समाजसेवी बाल किशन खंडेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार रामकुमार चौरसिया, समाजसेवी एस बी यादव, कन्हैया चावला, रमेश कुमार बोकडे इन सभी के सहयोग से भोजन व्यवस्था रेलवे स्टेशन नैनपुर में उपलब्ध कराई गई।

सत्संग ज्ञान यज्ञ सप्ताह में शामिल हुए विधायक दिनेश राय मुनमुन

छपारा, देशबन्धु । 14 नम्बर को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के विधायक दिनेश राय मुनमुन ने सत्संग ज्ञान यज्ञ सप्ताह कार्यक्रम में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया। छपारा नगर स्थित गोल्डन टैम्पल बैनगंगा तट पर गोल्डन टैम्पल धर्मार्थ ट्रस्ट द्वारा आयोजित लक्ष्मी नारायण सत्संग ज्ञान यज्ञ कार्यक्रम में विधायक दिनेश राय मुनमुन शामिल हुए। तथा व्यासपीठ पर विराजमान काशी धर्म पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी नारायणानंद तीर्थ महाराज से आशीर्वाद प्राप्त किया। इसके साथ ही विधायक दिनेश राय मुनमुन ने महाराज जी के मुखारविंद से प्रवाहित हो रही कथा श्रवण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर श्याम मिलन पांडे, जयदीप सिंह चौहान, राजेश शिवहरे, शिव कुमार शिवहरे, अशोक शिवहरे, विनोद शिवहरे मौजूद थे।

विधायक महेंद्र नागेश ने महिला समिति को दिए वाद्य यंत्र

गोटेगांव, देशबन्धु । स्थानीय नगर के राम धुन महिला समिति रूद्रवार्ड को गोटेगांव विधानसभा के विधायक महेंद्र नागेश द्वारा संगीत वाद्य यंत्र किट प्रदान किए जाने पर खुशी व्यक्त की वहीं रामधुन महिला समिति मंजूलता रजक,मंजू कतिया,अंजू कतिया माया पगारे,रोशनी पांडे,मोना तिवारी ,गुलाब रानी,राधा सेन,जसोदा राकेशिया,राधारानी ठाकुर ,सुशीला ठाकुर, शालिनी गोस्वामी,आस्था शुक्ला एवं सभी मातृ शक्तियों ने विधायक का आभार व्यक्त किया।

श्रीमद्भागवत कथा आयोजित

सौसर, देशबन्धु। अर्धनारीश्वर ज्योतिर्लिंग की भूमि पर वंजारी भवन मोहगांव हवेली में चल रही श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में कहे । स्व. कल्पनाबाई स्व. शालिग्राम वंजारी तथा स्व. गुणाबाई स्व. डोमाजी वंजारी इनकी स्मृति में आयोजित श्रीमद् भागवत महापुराण कथा में राजा परीक्षित एवं सुखदेव महाराज की कथा सुनाते हुए भागवताचार्य मुन्नाजी महाराज ने कहा कि इस संसार में हर कोई इंसान राजा परीक्षित हैं, जिन्हें सात दिन में इस दुनिया से विदा होना है।

बाल दिवस पर बच्चों ने किया कौशल का प्रदर्शन

चौरई, देशबन्धु। श्री दिगंबर जैन श्रमण संस्कृति संस्कार पाठशाला, चौरई द्वारा बाल दिवस के उपलक्ष्य में बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ झिलमिली जैन मंदिर तीर्थ क्षेत्र में हुआ, जहां बच्चों ने मंदिर में भक्ति भाव से आरती में भाग लिया। बच्चों को जैन संस्कारों के महत्व से अवगत कराया गया और उन्हें धार्मिक शिक्षा से जोड़ने का प्रयास किया गया। इसके पश्चात बच्चों ने विभिन्न खेलों, नृत्य, और मनोरंजनात्मक गतिविधियों में हिस्सा लिया।

मनोरंजक गतिविधियां - बच्चों के लिए विशेष रूप से आयोजित खेल और नृत्य प्रतियोगिताओं ने समूचे वातावरण को उल्लासमय बना दिया। बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने कौशल का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को उनकी परंपरा और संस्कृति से जुड़ने का अवसर मिला।

स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था - बच्चों के लिए विशेष रूप से स्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था की गई थी। बच्चों ने अपने-अपने लंच बॉक्स भी साथ लाए, जिससे कार्यक्रम में और अधिक सामूहिकता और स्नेह का माहौल बन गया। भोजन के दौरान बच्चों ने आपस में मिलजुलकर एक साथ भोजन का आनंद लिया ।

इस कार्यक्रम में अभिभावकों और पाठशाला की अध्यापिकाओं ने भी सहभागिता की। अध्यापिकाओं ने बच्चों को विभिन्न गतिविधियों में मार्गदर्शन दिया और उनके साथ पूरी तन्मयता से समय बिताया। अभिभावकों ने भी इस आयोजन में भाग लेकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया और आयोजन की सराहना की।

संस्कृति और संस्कारों का संदेश - इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य बच्चों के मन में अपनी संस्कृति और संस्कारों के प्रति प्रेम और सम्मान का भाव उत्पन्न करना था, जो पूरी तरह से सफल रहा। इस विशेष दिन को यादगार बनाने में पाठशाला की अध्यापिकाओं, अभिभावकों और समस्त टीम का सहयोग महत्वपूर्ण रहा।

आभार और समापन -अंत में, पाठशाला की ओर से सभी बच्चों, अभिभावकों, और सहायक टीम का आभार व्यक्त किया गया। यह आयोजन बच्चों के लिए न केवल मनोरंजन का माध्यम था बल्कि उन्होंने अपने जैन धर्म और संस्कारों के प्रति एक विशेष जुड़ाव महसूस किया। सभी ने इस कार्यक्रम को सराहा और इसकी भूरी-भूरी प्रशंसा की।

व्यंजन मेले की खुशबू से बढ़ी भूख

गोटेगांव, देशबन्धु । गोटेगांव के समीपवर्ती झोतेश्वर में श्री शंकराचार्य बाल विद्या निकेतन विद्यालय में बाल दिवस के उपलक्ष में व्यंजन मेले का आयोजन हुआ। इसकी शुरुआत मुख्य अतिथि झोतेश्वर चौकी प्रभारी दिलीप सिंह के द्वारा रिबन काटकर की गई।

विद्यालय अध्यक्ष उमेश तिवारी, प्राचार्या सुरभि तिवारी, केके द्विवेदी की उपस्थिति में भगवती एवं गुरु पूजन के साथ ही व्यंजन मेले की शुरुआत हुई। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियों ने आगंतुकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। विद्यालयीन सुंदरता एवं मेले की भव्यता ने दूर-दूर से पधारे हुए व्यक्तियों को एक अनोखा अनुभव प्रदान किया। नागरिकों के वक्तव्यों से ज्ञात हुआ कि इस क्षेत्र में आयोजित नई पहल से आमजन हर्षित हुए। वहीं विद्यार्थियों द्वारा विभिन्न प्रकार की खाद्य सामग्रियों का विक्रय स्टॉल के माध्यम से शुद्ध स्वच्छ एवं उचित परिवेश में वस्तुओं का विक्रय किया। इस अवसर पर विज्ञान प्रदर्शनी के माध्यम से छात्रों की कला को विज्ञान मॉडल एवं चलचित्रों को प्रदर्शित किया गया। ज्ञात की स्टाल में समस्त प्रकार के व्यंजन,मिष्ठान,जूस आदि का विक्रय किया गया।

कांग्रेस कार्यालय में मनाया गया बिरसा मुंडा का जन्मोत्सव

बिछुआ, देशबन्धु। देश की स्वतंत्रता के लिये अपने प्राणों की आहुति देने वाले आदिवासी जननायक धरती आबा भगवान बिरसा मुंडा जी की जयंती पर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बिछुआ के कार्यकर्ताओं द्वारा विरसा मुंडा की प्रतिमा पर पुष्पा गुच्छ अर्पण कर श्रद्धांजलि दी गई।

कार्यक्रम में मुख्य रूप ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष पृथ्वीराज सिंह ठाकुर,ब्लाक समन्वयक अतरलाल कुमरे ,वरिष्ठ नेता देशलाल धुर्वे, आदिवासी ब्लाक प्रकोष्ठ अध्यक्ष धनपत उइके, सेवादल अध्यक्ष गोविंद इनवाती, कामगार प्रकोष्ठ अध्यक्ष विपिन उइके ,रामेश्वर उइके ,निशिकांत धुर्वे,नरेद्रं उइके ,देवकरण इनवाती , वार्ड पार्षद राजकुमार मरावी , दिपक खड़से आदि कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

सीआईएसएफ ने स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने को किए आदित्य बिड़ला एजुकेशन ट्रस्ट के साथ ज्ञापन पर हस्ताक्षर

परासिया, देशबन्धु। 8 नवंबर 2024 संरक्षिका सीआईएसएफ वाइव्स वेलफेयर एसोसिएशन ने बल कर्मियों और उनके परिवार जनों को मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य सहायता सुनिश्चित करने के लिए परामर्श और सहायता प्रदान करने हेतु आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट एवीईटी के साथ समझौता ज्ञापन एमओयू पर हस्ताक्षर किया।

इस समझौता ज्ञापन को मान्यता देने के लिए सीआईएसएफ मुख्यालय में एक समारोह आयोजित किया गया। जिसमें संरक्षिका की सचिव कानन श्रीवास्तव और एमपॉवर की अध्यक्ष परवीन शेख ने संरक्षिका सदस्यों की उपस्थिति में समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए तो वहीं आदित्य बिरला एजुकेशन ट्रस्ट प्रोजेक्ट मन के माध्यम से संरक्षिका सदस्यों एवं उनके परिवार जनों को मानसिक एवं भावनात्मक सहायता सेवा प्रदान करने हेतु मनोवैज्ञानिक और भावनात्मक स्वास्थ्य से संबंधित आम चुनौतियों का समाधान करेगा तो वही संरक्षिका परिवारों के लिए रोकथाम कार्यक्रमों और सेवाओं की वकालत भी करेगा। सीआईएसएफ सदस्य और उनके परिवार स्वेच्छा से एवीईटी द्वारा सेवाओं का लाभ ले सकेंगे। एमओयू के अनुसार एवीईटी प्रोजेक्ट मन के तहत विभिन्न प्रकार की सेवाएं प्रदान करेगी तो वहीं एक समर्पित हेल्पलाइन भी प्रदान की जावेगी ताकि लाभार्थी इनबॉउंड एवं आउटबाउंड कॉल समर्थन के साथ 24 घंटे इन सेवाओं का लाभ ले सकें।

सराफा एसोसिएशन का मिलन समारोह संपन्न, व्यापारियों को बांटे गए सदस्यता प्रमाणपत्र

चौरई, देशबन्धु। रविवार की शाम नगर के शर्मा रेस्टोरेंट में वरिष्ट सराफा व्यापारियों के मार्गदर्शन में सराफा एसोसिएशन का मिलन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला अध्यक्ष नरेंद्र साहू एवं कृष्ण गोपाल सोनी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थिति रहे ।

कार्यक्रम में नगर के सराफा व्यापारियों को सदस्यता प्रमाण पत्र का वितरण किया गया । सराफा व्यापारियों को संगठन के नियमो की सूची देकर नियमो से अवगत कराया गया एवं जिला अध्यक्ष व वरिष्ट प्रतिष्ठित व्यापारियों की सहमति से कार्यकारणी का पुन: गठन कर चौरई ब्लॉक अध्यक्ष के लिए अरुण सोनी व सुरेंद्र ताम्रकार को सचिव , गोपी किशन सोनी ,अवनीत पप्पू सोनी को उपाध्यक्ष , राजीव सोनी को कोषाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया । जिसमे सभी सराफा व्यापारी एसोसिएशन के सदस्य उपस्थित रहे ,घोषणा उपरांत भोजन के पश्चात कार्यक्रम का समापन किया गया, एवं कार्यक्रम में सीनियर प्रेस क्लब के संरक्षक पत्रकार अवनीत गंगवाल ,वरिष्ट पत्रकार अमित सोनी, पत्रकार शुभम रघुवंशी उपस्थित रहे ।

बिजली संकट से जूझ रहे हैं चौरई के किसान

किसान बसीर खान ने कहा, तीन बार शिकायतों के बाद भी समस्या का निराकरण नहीं

चौरई, देशबन्धु। क्षेत्र की बिजली समस्या इस समय कुछ डगमगा सी गई है। इसका कारण अधिकारी, कर्मचारियों की लापरवाही या विभाग में हो रहे अधिकारियों के फेरबदल को भी मान सकते हैं। वर्तमान में चौरई के किसानो को बिजली की अत्यधिक समस्या का सामना करना पड़ रहा है।

चौरई के ही किसान बसीर खान ने जानकारी देकर बताया की उनके खेत में बिजली तो है परंतु उससे खेत की पानी की मोटर नही चल रही है अर्थात बिजली है पर वे उसका उपयोग नही कर पा रहे है। ट्रांसफार्मर में कुछ गड़बड़ी के कारण किसानों को पर्याप्त बिजली नही मिल पा रही है,जिससे उनके खेत में लगी फसल को नुकसान हो रहा है, एवं बसीर ने बिजली ऑफिस में अपनी समस्या की तीन बार शिकायत कर चुके है परंतु समस्या का

कोई निराकरण नही हो पाया हैं।

बसीर खान ने बताया की जब वे बिजली ऑफिस साहब के पास जाते है उन्हे समस्या बताने पर जवाब मिलता है की हम तुम्हारे नौकर थोड़ी है ,जो बने कर लो! सुपरवाइजर उनकी समस्या के और ध्यान नही देते और उनसे अभद्रता पूर्ण बात की जाती है । कब तक किसानो को यू ही समस्या का सामना करना पड़ेगा ,मकानों में भी मीटर कनेक्शन लेने के लिए हाथ पैर पढ़ने तक की लोगो की नौबत आ रही है आखिर कब बंद होगा अधिकारियों ,कर्मचारियों का मुंह देखा काम.. आमजन को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्यों की चौरई बिजली ऑफिस में सिर्फ गरीबों को ही नियम कानून बताए जाते है।

किसान भूपेश शर्मा ने बताया की सिरेगाव में 15 दिनो से ट्रांसफार्मर बंद पड़ा है जिसकी शिकायत उन्होंने लाइनमैन को भी कर चुका है परंतु अभी तक वहा का ट्रांसफार्मर नही सुधर पाया है। इस पूरे मामले में जब बिजली विभाग में जे ई से बात करने के लिए +91 94258 06743 नंबर पर कॉल किया गया तो मोबाइल बंद पाया गया।

दैनिक राशिफल

शनिवार 16 नवम्बर 2024 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। मार्कशीर्ष कृष्ण पक्ष की प्रतिपदा नक्षत्र-कृतिका।

मेष
परिवार और कार्य के क्षेत्र में समझौतापूर्ण व्यवहार से संघर्ष टाल सकेंगे। वाणी पर नियंत्रण नहीं होने से किसी के साथ वाद-विवाद या झगड़ा होने की आशंका रहेगी।

वृषभ
विचारों की दृढ़ता के साथ आप सावधानीपूर्वक काम करेंगे। व्यवस्थित रूप से आर्थिक विषयों का आयोजन कर सकेंगे।

मिथुन
आपकी वाणी या व्यवहार से आज किसी के साथ गलतफहमी पैदा कर सकते हैं। परिजनों तथा सगे- संबंधियों के साथ खूब संभलकर रहना पड़ेगा।
क- 588- 478

कर्क
आर्थिक आयोजनों और नए कार्य की शुरूआत करने के लिए उत्तम दिन है। व्यापार- धंधे में लाभ, नौकरी में पदोन्नति और आय के स्रोत में वृद्धि होने से आप आनंद और संतोष की भावना का अनुभव करेंगे।

सिंह
नौकरी तथा व्यवसाय के क्षेत्र में लाभदायक और सफल दिन है। आपके कार्यक्षेत्र में आप वर्चस्व और प्रभाव जमा सकेंगे।

कन्या
आपका आज का दिन धार्मिक प्रवृत्तियों में व्यतीत होगा। किसी तीर्थ स्थान की यात्रा के संयोग बनेंगे। विदेश गमन के लिए अवसर निर्मित होंगे।

तुला
आकस्मिक धन लाभ का दिन है। आध्यात्मिक सिद्धियां प्राप्त करने के लिए उत्तम दिन है। फिर भी नए काम शुरू न करें।

वृश्चिक
दैनिक घटना चक्र की प्रवृत्तियों में आज परिवर्तन आएगा। आज आप मौज-मस्ती और मनोरंजन की दुनिया में घूमने के मूड में होंगे।

धनु
आर्थिक और व्यापारिक आयोजन करने के लिए आज का दिन शुभ है। कार्य सरलतापूर्वक सफल होंगे। परोपकार की भावना आज बलवती रहेगी। आपका दिन आमोद-प्रमोद में व्यतीत होगा।

मकर
आपका आज का दिन मिश्र फलदायी साबित होगा। बौद्धिक कार्यों और व्यवसाय में नई विचारधारा अमल में लाएंगे।

कुंभ
नकारात्मक विचारों से मन में हताशा जन्म लेगी। इस समय मानसिक उद्वेग और क्रोध की भावना अनुभव होगी।

मीन
आपका आज का दिन सुख-शांति से व्यतीत होगा। व्यापारियों को भागीदारी के लिए उत्तम समय है। दांपत्य जीवन में निकटता का अनुभव होगा।
म. 499-140

0,5,9,05,54,75,99,00,48,71,90